# सातवीं नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ़ सोब्सिकॉन का शुभारंभ

**शिवपुरी में पहली बार राष्ट्रीय स्तरीय कांफ्रेंस का आयोजन**




**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 23 अक्टूबर।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, शिवपुरी में अधिष्ठाता डॉ. डी. परमहंस के मार्गदर्शन तथा बायोकैमिस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉ. शशांक त्यागी के नेतृत्व में बायोकैमिस्ट्री विभाग द्वारा चार दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस 2025 का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम में बायोकैमिस्ट्री विभाग के द्वितीय प्रोफेसर डॉ. धर्मवीर शर्मा एवं आयोजन सचिव डॉ. ज्योति शुक्ला ने मंच संचालन करते हुए सम्मेलन के संचालन में अहम भूमिका निभाई।

डॉ. शशांक त्यागी ने बताया कि शिवपुरी मेडिकल कॉलेज में पहली बार राष्ट्रीय स्तरीय कांफ्रेंस आयोजित की जा रही है। इस सम्मेलन का उद्देश्य चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति पर चर्चा करना, विशेषज्ञों एवं शोधकर्ताओं को एक मंच पर लाना, नवाचार को बढ़ावा देना तथा ज्ञान के आदान-प्रदान को सुगम बनाना है। कांफ्रेंस में देश-विदेश से सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉक्टरों ने भाग लिया, जिनमें एम्स भोपाल से डॉ. सुखेश मुखर्जी और पीपुल्स विश्वविद्यालय के डॉ. बी. एस. डांगी प्रमुख रहे। इसके साथ ही एम.डी. एवं पी.एच.डी. के छात्र डॉ. सुनील सिंह तोमर, डॉ. इशिता यासमीन, डॉ. सुनील कुमार यादव, डॉ. आकाश कुमार गोयल, डॉ. मुकेश गुर्जर, डॉ. शबाना साहिन, डॉ. अंजलि रानी, डॉ. आयुषी नेमा, डॉ. विभा शुक्ला, डॉ. अंकित और डॉ. आयुषी खरे सहित विभिन्न राज्यों से आए डॉक्टरों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान एम्स भोपाल से आए डॉ. सुखेश मुखर्जी और पीपुल्स विश्वविद्यालय के डॉ. बी. एस. डांगी ने विभिन्न जांचों एवं मशीनों की कार्यप्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं, कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अपराजिता तोमर और सह-प्राध्यापक डॉ. हेमलता बामोरिया ने एचपीएलसी जांच एवं संबंधित मशीनों की भूमिका पर जानकारी दी।

इस अवसर पर प्रभारी डीन डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. भरत सिंह बाथम, डॉ. शालिनी रत्नाकर, डॉ. नरेंद्र, रजनीगंधा प्रधान, सहायक जनसंपर्क अधिकारी राहुल अष्ठाना, शाबिर अली खान, अरविंद शाक्य, विजय प्रताप सिंह भदौरिया, हिमांशु सक्सेना, राजू परिहार सहित एमबीबीएस छात्र-छात्राएँ, पैरामेडिकल स्टाफ और ब्लड बैंक का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# शिवपुरी के रावत और सुरेंद्र बने भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 23 अक्टूबर।** मध्यप्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने गुरुवार को नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की। इस कार्यकारिणी में शिवपुरी जिले के दो वरिष्ठ नेताओं रणवीर रावत और सुरेंद्र शर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। दोनों नेताओं ने लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाई है। नई कार्यकारिणी में कुल 9 उपाध्यक्ष, 4 प्रदेश महामंत्री और कई अन्य महत्वपूर्ण पदाधिकारी शामिल हैं।

उपाध्यक्षों में रणवीर रावत और सुरेंद्र शर्मा के अलावा कांतदेव सिंह, प्रभुराम चौधरी, शैलेंद्र बरुआ, मनीषा सिंह, नंदिता पाठक, निशांत खरे और प्रभुलाल जाटव के नाम हैं। प्रदेश महामंत्री के रूप में लता वानखेड़े, सुमेर सोलंकी, राहुल कोठारी और गौरव रणदिवे को नियुक्त किया गया है। मौजूदा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल को उनके पद पर बरकरार रखा गया है। वहीं, रीवा संभाग के संगठन मंत्री रहे श्याम महाजन को प्रदेश कार्यालय मंत्री और अखिलेश जैन को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा, पार्टी के चार मोर्चों के अध्यक्षों में भी बदलाव किए गए हैं। रणवीर रावत ने 1998 में करेरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक के रूप में अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने संगठन में लगातार सक्रिय भूमिका निभाई। वे बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं और उन्हें 2007 में राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त हुआ। रावत ने शिवपुरी भाजपा जिला अध्यक्ष, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष (2015) और बी.डी. शर्मा की कार्यकारिणी में महामंत्री (2020) जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य किया है। शिवपुरी जिले के कोलारस विधानसभा क्षेत्र के मड़वास गांव निवासी सुरेंद्र शर्मा ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से की। विभिन्न पदों पर रहते हुए वे संगठन से जुड़े रहे और बाद में भाजपा संगठन में प्रवेश कर प्रदेश प्रवक्ता और प्रदेश कर समिति सदस्य के रूप में कार्य कर चुके हैं।

# वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, अवैध उत्खनन में संलिप्त रोड रोलर जप्त

**एलएनटी मशीन और डंपर लेकर चालक सहित ठेकेदार फरार**



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी,23अक्टूबर।** वन भूमि पर अवैध उत्खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत वनमंडल अधिकारी शिवपुरी सुधांशु यादव द्वारा जारी बेदखली आदेश एवं उपवनमंडल अधिकारी आदित्य शांडिल्य के निर्देशन में वन परिक्षेत्र की टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। रेंजर लक्ष्मण सिंह मीणा के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में बीट अमोल के कक्ष क्रमांक पीएफ-1034 में एक रोड रोलर को जप्त किया गया है।

रेंजर लक्ष्मण सिंह मीणा के अनुसार सड़क निर्माण से जुड़े एक ठेकेदार ने एक आदिवासी परिवार को गुमराह कर उसके वन अधिकार पट्टे का दुरुपयोग किया और खेत समतलीकरण के नाम पर वन क्षेत्र की लघु पहाड़ी भूमि को एलएनटी मशीन से खोद डाला। खोदी गई मिट्टी को एनएच-27 पर मड़ीखेड़ा कैचमेंट एरिया के समीप रोड फिलिंग कार्य में उपयोग किया जा रहा था। सूचना मिलते ही रेंजर मीणा के नेतृत्व में वन अमला रातों-रात मौके पर पहुंचा, लेकिन एलएनटी मशीन और डंपर चालक मौके से फरार हो गए, जबकि रोड रोलर को स्थल पर छोड़ दिया गया। जांच में पाया गया कि रोड रोलर का उपयोग उत्खनन स्थल पर मिट्टी समतल करने में किया गया था, जिससे यह भी अवैध उत्खनन के संगठित अपराध का हिस्सा माना गया।

इस आधार पर वन विभाग ने रोड रोलर को भी जप्त करने की कार्रवाई की। उक्त साहसिक कार्रवाई में रेंजर लक्ष्मण सिंह मीणा, उडन्दस्ता प्रभारी तुलसीराम चोपड़ा, डिप्टी रेंजर बलिराम अहिरवार, वनपाल हेमराज शाख्य, तथा वनरक्षक रोहित, शैलेंद्र, विनय बाल्मीकि, संदीप, धीरज, नितेश सहित पूरा वन अमला मौजूद रहा। रेंजर श्री मीणा ने स्पष्ट किया है कि वन भूमि से छेड़छाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। विभाग की प्राथमिकता वन क्षेत्र की सुरक्षा और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण है।

# समाधान आनलाईन में आवेदकों से किया मुख्यमंत्री ने संवाद




**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 23 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में प्रदेशभर के आवेदकों से संवाद किया और विभिन्न जिलों की शिकायतों का निराकरण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी स्तरों पर प्रशासनिक नवाचार के माध्यम से गुड गवर्नेंस और जनकल्याण के लक्ष्यों को साकार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता न होकर सुशासन की मिसाल बने।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर शिवपुरी के उपस्थित आवेदकों से चर्चा कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान कराया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव भी उपस्थित रहे। शिवपुरी जिले के एनआईसी कक्ष से समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, वन मंडल अधिकारी सुधांशु यादव, जिला पंचायत सीईओ विजय राज, एडीएम दिनेश चंद शुक्ला सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि तकनीकी कारणों से लंबित सभी शिकायतों व प्रकरणों का विशेष अभियान चलाकर एक माह के भीतर शतप्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लक्ष्य यह होना चाहिए कि आने वाले समय में जनशिकायतों की संख्या में प्रभावी कमी आए।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार के पास बजट और संसाधनों की कोई कमी नहीं है, इसलिए आहार अनुदान, छात्रवृत्ति, शिष्यवृत्ति और प्रसूति सहायता योजनाओं की राशि समय सीमा में हितग्राहियों को प्रदान की जाए, ताकि पात्र लाभार्थी समय पर लाभ प्राप्त कर सकें। मुख्यमंत्री ने वर्षाकाल की समाप्ति को ध्यान में रखते हुए लोक निर्माण विभाग एवं नगरीय निकायों को सड़कों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण सड़कों का निर्माण और संधारण प्रशासन की प्राथमिकता में होना चाहिए, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सके।

# शिवपुरी जेल में भाईदूज पर बंदियों की परिजनों से मुलाकात

**284 बंदियों से मिलने पहुंचे 1375 परिजन, 480 बच्चे भी शामिल**



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी,23अक्टूबर।** दीपावली पर्व के उपरांत मनाए गए भाईदूज के अवसर पर शिवपुरी सर्किल जेल सहित अधीनस्थ जेलों में बंदियों की उनके परिजनों से खुली मुलाकात कराई गई। इस विशेष आयोजन में कुल 284 बंदियों से मिलने के लिए लगभग 1375 परिजन पहुंचे, जिनमें 480 बच्चे भी शामिल थे। अधिक भीड़ को देखते हुए मुलाकात का कार्यक्रम दोपहर साढ़े तीन बजे तक चला। जेल अधीक्षक रमेशचंद्र आर्य ने बताया कि भाई-बहन के पवित्र संबंधों को बनाए रखने के उद्देश्य से मुलाकात की अवधि सीमित रखी गई थी। निर्धारित नियमों के अनुसार, पुरुष बंदियों से केवल उनकी महिला परिजन और 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों को ही मिलने की अनुमति दी गई। प्रत्येक मुलाकात के लिए अधिकतम 10 मिनट का समय निर्धारित था। उन्होंने बताया कि मुलाकात के दौरान पर्स, मोबाइल, नकदी या अन्य कीमती वस्तुएँ जेल परिसर में ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहा।

जेल प्रशासन ने सभी परिजनों से नियमों का पालन करते हुए शांतिपूर्वक एवं हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाने की अपील की। भाईदूज के इस विशेष अवसर पर जेल प्रशासन द्वारा सभी बहनों के लिए पूजा थाल की व्यवस्था भी की गई, जिसमें हल्दी, कुमकुम और चावल जैसी सामग्री उपलब्ध कराई गई। परिजनों को मिठाई, गजक या सोनपपड़ी जैसी वस्तुएँ अधिकतम 250 ग्राम तक ले जाने की अनुमति दी गई। जेल प्रशासन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बंदियों के पारिवारिक संबंधों को सुदृढ़ करना और पर्व को सौहार्दपूर्वक मनाना था।

# आज नहीं सहेजा जल तो जनता तरसेगी कल

## अल्पवर्षा के चलते खाली रह गए अधिकांश जलस्त्रोत, किसान पलेवा करने संरक्षित पानी की कर रहे चोरी

- **इस साल औसत से काफी कम हुई है जिले में बारिश**
- **रबी सीजन की बोवनी करने के लिए पानी का दोहन प्रारंभ**

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 23 अक्टूबर. इस बार मानसून के दगाबाजी करने से जिले के अधिकांश जलस्त्रोत खाली रह गए हैं. नतीजतन आगामी महीनों में प्यास बुझाने के लिए पानी की कमी से शहरवासियों को जूझना पड़ सकता है, लेकिन संरक्षित जल को अगर जिम्मेदारों द्वारा सुरक्षित नहीं रखा गया तो जलसंकट शीघ्र ही दस्तक दे सकता है. रबी सीजन की बोवनी के लिए किसानों ने जलाशयों से पानी चुराना शुरू कर दिया है. ऐसे में नपा के समक्ष पानी चोरी रोकना चुनौती बन गया है.**

इस साल मानसून में बादलों ने बरसने में कंजूसी बरती. नियत समय पर दस्तक देने के बाद भी बरसात काफी कम हुई. अल्पवर्षा का दंश देकर मानसून विदा हो गया है, जबकि जिलेवासियों की प्यास बुझाने वाले जलाशय व नदी काफी खाली पड़े हैं. हालांकि नगरीय निकायों द्वारा मानसून की विदाई के बाद बहते पानी को रोकने के लिए बंधान के गेट बंद कर दिए हैं. सीहोर में नपा द्वारा चद्दर पुल, इलाही माता के समीप सीवन नदी के बहते पानी को रोकने के लिए शटर बंद कर दिए हैं तो आष्टा नपा ने भी समय रहते पार्वती नदी के मुहानों को बंद कर दिया है, ताकि आगामी दिनों के लिए भूजल स्तर बरकरार रहे व पानी की उपलब्धता बनी रहे. नपा ने भले ही बंधान लगाकर पानी रोकने का सराहनीय कार्य किया है, लेकिन भगवानपुरा और जमोनिया तालाब सहित काहिरी बंधान पर संरक्षित पेयजल को सुरक्षित रखने के लिए कोई ठोस व कारगर कदम अब तक नहीं उठाए हैं. नतीजतन रबी सीजन की बोवनी के लिए खेत तैयार कर रहे किसानों ने संरक्षित पानी का दोहन शुरू कर दिया है.

सूत्रों की मानें तो जमोनिया और भगवानपुरा तालाब के किनारों पर खेती करने वाले किसान मोटर पंप लगाकर पानी चोरी कर रहे हैं, जिससे इनका जलस्तर कम होता जा रहा है.

> **अभी एक दिन के अंतराल में किया जा रहा जलप्रदाय**
>
> गौरतलब है कि नपा द्वारा अभी एक दिन छोड़कर शहर में नल जल योजना से जलप्रदाय किया जा रहा है. कहीं- कहीं तो दो से तीन दिन छोड़कर पानी का वितरण किया जा रहा है. अगर पानी चोरी का सिलसिला ऐसे ही जारी रहा तो जल वितरण व्यवस्था में बदलाव हो सकता है, जिसकी वजह से नागरिकों को ठंड के मौसम में भी पानी की तलाश में भटकने को बाध्य होना पड़ सकता है. नपा को शीघ्र ही पानी चोरी रोकने के लिए टीम को पाबंद करना चाहिए ताकि समय रहते पानी चोरी पर रोक लग सके और लोगों को आगामी दिनों में पानी की समस्या का सामना न करना पड़े.

> **तीन टीम का किया है गठन**
>
> पेयजल के लिए संरक्षित पानी की सुरक्षा के लिए नपा द्वारा कर्मचारियों के तीन दल का गठन किया गया है. यह दल भगवानपुरा, जमोनिया तालाब और काहिरी बंधान का नियमित निरीक्षण करेंगे और पानी चोरी करते पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.
>
> **सुधीर कुमार,**
> मुख्य नपाधिकारी

# महंगे दामों पर खाद बेचने वालों पर करें कार्रवाई

- **कलेक्टर ने वीसी के माध्यम से अधिकारियों को दिए निर्देश**
- **सहकारी समितियों में पर्याप्त खाद का स्टॉक रखने को कहा**

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 23 अक्टूबर.** कलेक्टर बालागुरु के ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के समस्त राजस्व अधिकारी, कृषि एवं संबंधित अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की.

कलेक्टर ने फसल क्षति पर राहत राशि का समय-सीमा में वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि प्रभावित किसानों को शासन की मंशानुसार शीघ्र राहत मिले, इसके लिए सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी रखें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो.कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में किसी भी प्राइवेट लाइसेंसधारी द्वारा फर्टिलाइजर को अधिक दाम पर नहीं बेचा जाना चाहिए. यदि कोई व्यापारी निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक की बिक्री करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कंट्रोल ऑर्डर के तहत सख्त कार्रवाई की जाए. उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा शासन की प्राथमिकता है,

इसलिए उर्वरकों की उपलब्धता और गुणवत्ता दोनों पर प्रशासन की कड़ी निगरानी रहेगी. कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और किसानों को समय पर लाभ मिलना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने फसल कटाई प्रयोग, सोयाबीन फसल के उत्पादन पर सतत् निगरानी रखने तथा भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत सोयाबीन फसल का 'स्मार्ट सत्यापन' सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए.बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, डिप्टी कलेक्टर जमील खान, स्वाती मिश्रा आदि उपस्थित थे.

## श्रमिकों की आयु गणना के नवीन निर्देश

**सीहोर.** मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना अंतर्गत श्रमिक की आयु गणना के लिए श्रम विभाग द्वारा नवीन निर्देश जारी किए गए हैं. अब आयु गणना के लिए आधार कार्ड के आधार पर शब्द विलोपित किया गया है. आयु के प्रमाण के लिए परीक्षा लेने वाले बोर्ड या विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया प्रमाण पत्र या अंकसूची या उस अंतिम विद्यालय द्वारा, जिसमें उसने अध्ययन किया, जारी किया गया विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र मान्य होगा. जन्म तथा मृत्यु के रजिस्ट्रार से प्रमाण पत्र एवं ग्राम पंचायत या मुख्य नगर पालिका अधिकारी से प्रमाण पत्र मान्य होगा.अतिरिक्त सचिव बसंत कुर्रे ने बताया कि उपरोक्त प्रमाण-पत्रों के न होने पर चिकित्सा अधिकारी का प्रमाण पत्र, जो शासकीय सेवा में सहायक शल्य चिकित्सक की पद श्रेणी से निम्न पद श्रेणी का न हो का प्रमाण पत्र मान्य होगा.

# सिख समाज शहर में निकाल रहा प्रभातफेरी

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 23 अक्टूबर.** इन दिनों प्रकाशोत्सव को लेकर सिख समाज शहर में प्रभात फेरी निकाल रहा है. गुरुवार को श्रद्धालु शबद कीर्तन करते हुए सवा घंटे में चार किमी चले और फिर गंगा आश्रम स्थित गुरुद्वारा साहिब पहुंचे.

हर साल की तरह इस बार भी सिख समाज प्रभात फेरी निकाल रहा है. प्रकाश पर्व पर यह प्रभात फेरी निकाली जाती है. इसमें समाज के लोग शबद कीर्तन करते हुए शहर के विभिन्न मोहल्लों और कालोनियों में जाते हैं. सिख समाज द्वारा दी गई जानकारी के अनुसा गुरुवार को प्रभात फेरी सुबह 5 बजे गंगा आश्रम स्थित गुरुद्वारा साहिब से शुरू हुई जो बंगला क्षेत्र से होती हुई मेन रोड, अमर टॉकीज, लेवर कालोनी, नेहरू कालोनी होती हुई बापस सुबह 7.15 बजे गुरुद्वारा साहिब पहुंची. इस दौरान कई जगह प्रभात फेरी का लोगों ने स्वागत किया. इसी तारतम्य में शुक्रवार को प्रभात फेरी नगर की कई कालोनियों में जाएगी। इनमें दांगी स्टेट, गुलाब विहार, गुलाब पारस बाटिका फेस 1 और 2 में जाएगी.

**व्यापार जगत**

**भावांतर योजना के लिए कराया है 65 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन**

# आज से भावांतर योजना के तहत 8 मंडियों में

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 23 अक्टूबर.** सरकार ने इस बार किसानों को भावांतर योजना का फायदा देते हुए उन्हें मंडी में सोयाबीन बेचने पर मॉडल रेट के अनुसार नुकसान की भरपाई करने की बात कही है. शुक्रवार से इस योजना में मंडी में खरीदी शुरू होगी. इसके लिए 65 हजार 649 किसानों ने पंजीयन कराया है जबकि पिछले साल इनकी संख्या 26600 थी. इस तरह से पिछले साल की तुलना में ये 39 हजार 49 किसान अधिक हैं.

इस बार सरकार ने सोयाबीन की खरीदी के लिए समर्थन की जगह भावांतर योजना लागू की है. इसका फायदा किसानों को दिया जाएगा. 7 अक्टूबर पंजीयन की आखिरी तारीख थी. इस समय अवधि तक जिले के 65649 किसानों ने पंजीयन कराया है जबकि पिछले साल इन किसानों की संख्या केवल 26600 थी. यानि इस बार 39 हजार अधिक किसानों ने इस योजना में सोयाबीन विक्रय करने का मन बनाया है. इसी तरह इस बार 1 लाख 52 हजार 346 हेक्टेयर पंजीकृत रकबा हुआ है.

जिले की 8 कृषि उपज मंडियों में शुक्रवार से भावांतर योजना के तहत सोयाबीन की खरीदी का काम शुरू हो जाएगा. इनमें सीहोर और आष्टा मंडियां बड़ी हैं जहां सबसे अधिक किसान आएंगे. भावांतर योजना में किसानों को जो फायदा मिलेगा वह मॉडल रेट से ही तय होगा। मॉडल रेट तय करने के लिए 15वें दिन का रेट लिया जाएगा। कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि हर 15वें दिन मंडी में खरीदी का मॉडल रेट देखा जाएगा, उसी के हिसाब से भावांतर तय होगा. इस साल बारिश से सोयाबीन की फसल को नुकसान हुआ है। जिन किसानों ने अरली वैरायटी किस्में बोई थीं उनकी फसलें अब पककर तैयार हो गई थीं।

इसी बीच कई जगह तो किसानों ने सोयाबीन की कटाई का काम भी शुरू कर दिया था. तेज बारिश से खेतों में एक से दो फीट तक पानी भर गया था जिससे सोयाबीन की फसल चौपट हो गई थी. पहले पीला मौजेक और अब बारिश से फसल बर्बाद. किसानों का कहना है कि पहले पीला मौजेक से खेत पीले पड़ गए थे। जो थोड़ी बहुत फसल बची थी वह बारिश ने खराब कर दी है.

> **अधिकारी कर रहे मंडियों का सतत निरीक्षण**
>
> किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित कराने और भावांतर योजना के सुचारू क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिले भर में राजस्व अधिकारियों द्वारा कृषि उपज मंडियों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है. इसी क्रम में भैरूंदा एसडीएम श्री सुधीर कुशवाह एवं सीहोर तहसीलदार डॉ अमित सिंह ने स्थानीय कृषि उपज मंडियों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संबंधितों को निर्देश दिए कि किसानों को अपनी उपज विक्रय मेंकठिनाई का सामना न करना पड़े. इसके साथ ही मंडी परिसर में सूचना पटल पर योजना से संबंधित दिशा-निर्देश और समर्थन मूल्य स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किए जाएं.


**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)**

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइल हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को क्लियल कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

| देनदारों / सहदेनदारों का नाम | सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण | कुल बकाया.... रु. | डिमांड नोटिस तिथि | कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री अशोक श्रीमती शुखमारी (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10613078) | पीएचनंबर 50, वार्ड नंबर 06, मकान नंबर 60 का वह पूरा टुकड़ा, ग्राम बागपुरा, इंद्रगढ़, दतिया, मध्य प्रदेश, भारत, 475335 में स्थित. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्रफल, निर्मित_क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्र- 2650.00, 1200.00 | रु.574892/- (रु. पांच लाख चौहत्तर हजार आठ सौ बानवे मात्र) | 20-06-2025 | 18-10-2025 |
| श्री गजेंद्र यादव, श्रीमती कौशिल्या यादव गजेंद्र दूध डेयरी (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10601225) | पटवारी हल्का संख्या 12 का वह पूरा हिस्सा, ग्राम गोबिंदपुर, जिला दतिया, मध्य प्रदेश, भारत, 475686 में स्थित है. क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्र- 2200.00, 1500.00 | रु.811647/- (रु. आठ लाख ग्यारह हजार छह सौ सैंतालीस मात्र) | 19-04-2025 | 18-10-2025 |
| श्री राजेंद्र केवट श्री जयकुमार केवट श्रीमती राजाबेटी केवट राजेंद्र दूध डेयरी (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10593094) | मकान संख्या 116, पीएच नं. 12, ग्राम गोविंदपुर, पोस्ट मुरेरा, माता मंदिर के पास, तहसील बड़ौनी दतिया, मध्य प्रदेश, भारत, 475686 का पूरा हिस्सा. क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र. संपत्ति का क्षेत्रफल- 1600.00, 1400.00, 1120.00 | रु.558209/- (रु. पांच लाख अट्ठावन हजार दो सौ नौ मात्र) | 04-04-2025 | 18-10-2025 |

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी **ब्रांच आफिस:** डी-1, ग्राउंड फ्लोर, बसंत विहार, ग्वालियर-474002/या **कार्पोरेट ऑफिस**- प्लॉट नं. 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान- ग्वालियर, दिनांक- 24-10-2025 प्रा. अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड